प्रेस नोट थाना गीडा जनपद गोरखपुर दिनांक 20.02.2026

हत्या के अपराध में 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे 01 अदद मोटरसाइकिल, 01 अदद मोबाइल बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन में, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी गीडा के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक गीडा के नेतृत्व में उ0नि0 कमलेश प्रताप सिंह, मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 0051/2026 धारा 103(1), 3(5) भा0न्या0सं0 से संबंधित प्रकाश में आये अभियुक्त निखिल कुमार गौड़ उर्फ गोलू उर्फ रितिक को गिरफ्तार किया गया। कब्जे 01 अदद मोटरसाइकिल, 01 अदद मोबाइल बरामद किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

वादी मुकदमा द्वारा थाना स्थानीय पर तहरीर दी गयी कि उनका लड़का दिनांक 06/02/2026 को शाम के समय घर से निकला उसके काफी देर तक वापस न आने के बाद वादी व उसके घर वालो द्वारा लड़के के मोबाइल पर कई बार काल किया गया परन्तु फोन नही उठा। घर वालो द्वारा रात भर प्रतीक्षा करते रहे परन्तु वादी का लड़का घर वापस नही आया। दिनांक 07/02/2026 को वादी मुकदमा के लड़के का शव मिला। जिसकी हत्या चाकू मारकर की गयी थी। जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 51/2026 धारा 103(1)) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

विवेचना के क्रम में अभियुक्त 1. पवन कुमार, 2. विजय व 3. निखिल कुमार गौड़ उर्फ गोलू उर्फ रितिक का नाम प्रकाश में आया। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि मृतक का उनसे आपसी विवाद था। दिनांक 06.02.2026 को पार्टी करने के बहाने बुलाकर चाकू मारकर हत्या कर दिये।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता व आपराधिक इतिहास-

निखिल कुमार गौड़ उर्फ गोलू उर्फ रितिक पुत्र नन्दू गौड़ निवासी सुअरज थाना गोला जनपद गोरखपुर

आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 029/2022 धारा 323, 504, 506 भादस थाना गीडा जनपद गोरखपुर
2. मु0अ0सं0 051/2026 धारा 103(1), 3(5) बीएनएस थाना गीडा,जनपद गोरखपुर

बरामदगी-

कब्जे 01 अदद मोटरसाइकिल, 01 अदद मोबाइल बरामद

गिरफ्तारी की टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक अश्वनी पाण्डेय थाना गीडा जनपद गोरखपुर
2. उ0नि0 कमलेश प्रताप सिंह थाना गीडा जनपद गोरखपुर
3. उ0नि0 सरफराज अहमद थाना गीडा जनपद गोरखपुर
4. उ0नि0 उपेन्द्र सिंह साईबर कमाण्डो गोरखपुर जोन
5. उ0नि0 राजमंगल सिंह SOG प्रभारी गोरखपुर मय टीम
6. उ0नि0 इन्द्रशेन सिंह एंटीथेफ्ट प्रभारी गोरखपुर मय टीम
7. सर्विलांस सेल टीम जनपद गोरखपुर
8. हे0का0 सुमन्त यादव थाना गीडा जनपद गोरखपुर
9. हे0का0 रमेश जोशी थाना गीडा जनपद गोरखपुर
10. हे0का0 प्रेम बहादुर थाना गीडा जनपद गोरखपुर
11. हे0का0 रामप्रकाश सिंह थाना गीडा जनपद गोरखपुर